पंचदश बिहार विधान सभा

द्वितीय सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-7 वृहस्पतिवार, दिनांक-3 मार्च, 2011 ई० ।

मननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.07 बजे अपराह्न तक ।

(1) प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 03 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 09 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iii) 01 तारांकित प्रश्न संख्या 249 के उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(iv) 01 तारांकित प्रश्न संख्या 253 नगर विकास विभाग को स्थानान्तरित ।

(v) 01 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ ।

(vi) 74 तारांकित प्रश्न अनागत ।

(2) शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों ने राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया :-

(i) श्री दिनेश कुमार (ii) श्री अरूण शंकर प्रसाद

(iii) श्री पवन कुमार जायसवाल (iv) श्री अवधेश कुमार राय

(3) ध्यानाकर्षण सूचना :-

(i) माननीय सदस्य डॉ० रामानन्द यादव एवं अन्य पाँच सभासदों की जल संसाधन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य डॉ० रामानन्द यादव द्वारा पढ़ा गया तथा जिसके उत्तर के लिये दिनांक 04.03.2011 तक का समय लिया गया ।

(ii) मा० सदस्या श्रीमती गुड्डी देवी एवं अन्य चार सभासदों की जल संसाधन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को मा० सदस्या श्रीमती गुड्डी देवी द्वारा पढ़ा गया तथा जिसके उत्तर के लिए दिनांक 04.03.2011 तक का समय लिया गया ।

(भोजनावकाश के बाद)

समय 02.00 बजे अप० से 5.04 बजे अप० तक

(4) <u>**वित्तीय कार्य**</u> **:-<u>वित्तीय वर्ष 2011-12 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांग पर वाद-विवाद तथा मतदान:-</u>**

<u>**कृषि विभाग**</u> **:-**

विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव माननीय प्रभारी मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह द्वारा प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य श्री सम्राट चौधरी द्वारा कृषि विभाग की मांग पर राज्य सरकार की कृषि नीति पर विचार-विमर्श हेतु कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा माननीय सदस्य श्री दुर्गा प्रसाद सिंह द्वारा पक्ष रखा गया ।

अनुदान की मांग एवं कटौती प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्रीमती पूनम देवी यादव

(माननीय अध्यासी सदस्य श्री हरिनारायण सिंह ने आसन ग्रहण किया)

(ii) श्री व्यासदेव प्रसाद

(iii) श्री प्रमोद कुमार सिंह

(iv) श्री श्याम बिहारी राम

(v) श्री अरूण शंकर प्रसाद

(vi) श्री चन्द्रशेखर

(vii) श्री संजय सिंह टाइगर

(viii) श्री अवधेश कुमार राय

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(ix) श्री रणविजय सिंह

माननीय प्रभारी मंत्री, कृषि विभाग द्वारा वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

सरकार के उत्तर के दरम्यान विरोध प्रकट करते हुए विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।

सदन द्वारा माननीय सदस्य श्री सम्राट चौधरी का कटौती प्रस्ताव ध्वनिमत से अस्वीकृत हुआ तथा कृषि विभाग के अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

(5) <u>निवेदन</u> :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने घोषणा की कि आज के लिए स्वीकृत कुल 12 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएँगें ।

तदुपरांत सभा की बैठक शुक्रवार, दिनांक 04 मार्च, 2011 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना

दिनांक-03.03.2011

गिरीश झा

प्रभारी सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना ।